



## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

- शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो
- किया जाएगा आंदोलन

**देवास।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा हुए जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात सभी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम में ज्ञापन एसडीएम अभिषेक शर्मा को सोपा ।ज्ञापन में कहा गया कि समिति के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी हमारी मांग है कि ऋण जमा की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि किसान अपनी गेहूं बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन आयल के टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोका जाए इससे देसी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है। बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में देवास इंदौर जिले के हजारों किसानों ने एक हज़ार रुपए में शेयर खरीद कर फैक्ट्री की स्थापना की थी चुकी अब भूमि व्यापारी को दी जा रही है इसलिए किसानों को बाजार मूल्य के हिसाब से शेयर का मुआवजा दिया जाए। अनेक गांवों में बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल का नुकसान हुआ है उसका तत्काल सर्वे कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए। गेहूं की खरीदी को 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मुल्य मिल सके। किसानों की बकाया बिजली बिलों की वसूली पर अस्थाई रोक लगाई जाए एवं बकाया राशि को माफ किया जाए या आसन किस्तों में करने की व्यवस्था की जाए। गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की उपलब्धता किसानो एवं आम नागरिकों को सुनिश्चित की जाए वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की परेशानी को देखते हुए प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञापन के पश्चात संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि अगर हमारी मांग 1 तारीख तक नहीं मानी गई तो हम कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी । जिले से आये सभी किसानो का आभार शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम ने माना। ज्ञापन का वचन कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने किया एवं संचालन चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, पोपसिंह परिहार, ज्ञान सिंह दरबार, अजय सिंह राजोदा, प्रतीक शास्त्री, हिम्मत सिंह चावड़ा, प्रेम पटेल, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, ईश्वर सिंह देवड़ा, राजेंद्र सिंह बेस आदि उपस्थित रहे।

## गैस संकट के बीच उद्योगपतियों की अहम बैठक

**देवास।** खाड़ी देशों में जारी युद्ध के असर अब देश के औद्योगिक क्षेत्रों तक साफ दिखाई देने लगे हैं। गैस आपूर्ति में आई कमी ने उद्योगों की चिंता बढ़ा दी है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए देवास औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गैस कंपनियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकट से निपटने के लिए सामूहिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एमपीआईडीसी, आपूर्ति विभाग, गैस कंपनियों और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी पक्षों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन समन्वित प्रयासों से जल्द स्थिति सामान्य की जा सकती है। एमपीआईडीसी क्षेत्रीय





कार्यालय उज्जैन के जनरल मैनेजर विनयप्रताप सिंह तोमर ने उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। शासन और प्रशासन गैस कंपनियों के साथ मिलकर लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, ताकि उत्पादन पर न्यूनतम असर पड़े। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत दें, जिससे उसका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने गैस कोटे का 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है, जिससे राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन अपनाने और पाइप गैस कनेक्शन लेने की सलाह भी दी गई। उद्योगपतियों ने यह भी कहा कि डेली बेसिस पर 65 प्रतिशत कोटा लागू होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है, क्योंकि मशीनों को चालू करने में ही काफी गैस खर्च हो जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि बिलिंग साइकिल 15 दिन की कर दी जाए, जिससे बेहतर योजना बनाकर उत्पादन किया जा सके। गेल कंपनी के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि गैस कोटे का निर्धारण केंद्र सरकार के स्तर पर होता है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योगपतियों की सभी मांगें संबंधित मंत्रालय तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि गैस सप्लाई का प्रेशर कम नहीं होने दिया जाएगा ।

### उद्योगपतियों ने रखीं प्रमुख समस्याएं

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक खंडेलिया ने बताया कि गैस सप्लाई के लिए 6 महीने का औसत आधार सही नहीं है, क्योंकि इसमें सीजनल उतार-चढ़ाव शामिल हो जाते हैं। उन्होंने इसे 3 महीने का करने की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि पहले मिलने वाला 80 प्रतिशत गैस कोटा घटाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। वहीं 15 मार्च के बाद की गैस दरें स्पष्ट नहीं होने से उद्योगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## विधायक पवार को दी जन्मदिन की बधाई

**देवास।** वार्ड क्रमांक 19 प्रभारी, नगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं जिला यातायात सलाहकार समिति के अध्यक्ष तथा समस्त ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के उपाध्यक्ष देवास यशवंत तिवारी के नेतृत्व में विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार का भव्य स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी । इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समाजजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर यशवंत



तिवारी ने कहा कि विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने भी उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि देवास को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## विश्व क्षय दिवस पर शपथ दिलाकर जागरूक किया

**बागली।** 24 मार्च को बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई इस दौरान आम जन को जागरुक करते हुए इस बीमारी से जुड़े रोगियों को पोषण आहार वितरण किया बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सी बी एम ओ डॉ अमित नगर डॉ हेमंत पटेल डॉ अमित पटेल डॉक्टर दिनेश सोलंकी डॉक्टर ऋषि श्रीवास्तव सहित अभियान से जुड़े राजेश गुर्जर शिवेंद्र राजावत राज कुमार भगोले बीपीएम रतन सिंह जमाले आर एस चौहान यतींद्र बैरागी डॉ मनोज वर्मा डॉ सचिन नगर रतन जमाले नंदकिशोर मोहवाल अनिल ठाकरे नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी संतोष भौगोल नेमीचंद पाटीदार सचिन खेर दे मनोहर यादव सहित विभाग के सभी कर्मचारियों ने अधिक से अधिक लोगों को इस बीमारी के संबंध में जागरूक करने के साथ-साथ इसका पूर्ण इलाज होकर पूरी तरह स्वस्थ होने की बात कही।

### एक नजर में

## सेकंड इंटरनेशनल क्लासिकल चेस टूर्नामेंट का आयोजन

**देवास।** शहर में एक बार फिर शतरंज का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। देवास जिला शतरंज संघ द्वारा 27 मार्च 2026 से सेकंड इंटरनेशनल क्लासिकल चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि देवास में पहली बार इस स्तर का रेटिंग क्लासिकल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जो जिले के शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ी तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। इस बार भी बड़ी संख्या में इंटरनेशनल खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर काफी ऊंचा रहेगा। आयोजकों के अनुसार, इस टूर्नामेंट के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलेगा, जिससे उनके खेल में निखार आएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 26 मार्च तक अपनी एंट्री जमा कर सकते हैं। एंट्री से संबंधित जानकारी और इच्छुक खिलाड़ी कुणाल सर से संपर्क कर सकते हैं।

## बकाया राशि पर अधिभार में 31 मार्च तक छूट

**देवास।** वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि पर लगने वाले (सरचार्ज) अधिभार में गत लोक अदालत में छूट दी गई थी। जनहित में शासन द्वारा लोक अदालत अन्तर्गत दी गई छूट को निरंतर जारी रखते हुए 31 मार्च 2026 तक शासन द्वारा अधिभार में छूट प्रदान की गई है।

## विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रमाण पत्र का वितरण



**देवास।** वार्ड क्र. 37 में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड पार्षद खुशबू निनलेश वर्मा एवं पर्यवेक्षक दिलशाद शेख के मार्गदर्शन में विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद खुशबू वर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। राज्य में पहली बार आंगनवाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5-6 आयु वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाएगा। इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रीति चौरसिया, ज्योति खत्री, ज्योति चौहान एवं प्रेरणा म्हसांगे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में 5-6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## उ.मा.वि.बालगढ़ में प्रवेश प्रक्रिया 01 अप्रैल से

**देवास।** प्राचार्य शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालगढ़ ने बताया कि शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालगढ़ देवास में प्रवेश प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रही है। प्रवेश के लिए आवेदन दिनांक 01 से 07 अप्रैल के मध्य प्राप्त किए जाएंगे। फॉर्म जमा करने की अंतिम दिनांक 10 अप्रैल 2026 रहेगी।

## विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**देवास।** राज्य कर्मचारी बीमा निगम के देवास उज्जैन रोड स्थित चिकित्सालय में विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक डॉ. एल.एन. घंगोरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में इंटक के जिला अध्यक्ष महेश राजपूत सहित डॉ. राजू सराफ, डॉ. नटवर शारदा, रविंद्र कुमार कश्यप, डॉ. रेखांक्षा जैन एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रतिनिधि दिलीप शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में अस्पताल से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई। जिसमें स्वीकृत 25 डॉक्टरों के स्थान पर केवल 9 डॉक्टरों से कार्य संचालित हो रहा है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल में चौकीदारों की कमी बनी हुई है। एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन एवं एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

गर्मी के मौसम में भी कूलर और वाटर कूलर जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वर्तमान में मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी हो रही है आदि पर चर्चा की गई। बैठक में महेश राजपूत ने विशेष रूप से मुद्दा उठाते हुए कहा कि देवास में 300 से अधिक छोटे-बड़े उद्योग संचालित हैं, जिनमें हजारों मजदूर कार्यरत हैं। ऐसे में इस अस्पताल की सुविधाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्य शासन से इस दिशा में त्वरित ध्यान देने की मांग की।

## पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**देवास।** पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन द्वारा 25 मार्च 2026 को अपनी विभिन्न लंबित मांगो को लेकर ऊर्जा मंत्री के नाम संगठन के पदाधिकारी गौरव संतोषी, कार्यपालन यंत्री द्वारा केतन रायपुरिया, अधीक्षण यंत्री देवास को ज्ञापन सौंपा गया। ऊर्जा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में विद्युत कम्पनियों के अधिकारीयों कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों उच्च शिक्षा प्राप्त कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता, उच्च शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंता के पद पर सीधे नियुक्ति दिये जाने, वर्ष 2018 के पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को वर्तमान में 3 वेतन वृद्धि देकर वेतन विसंगति दूर किये जाने, कंपनी कैडर



अधिकारियों/कर्मचारियों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट दिये जाने, सोलर रूफ टॉप योजना का लाभ दिये जाने, वर्ष 2012 के उपरान्त नियुक्त सभी कंपनी कैडर अधिकारियों को भी 03 का लाभ दिये जाने, ट्रांशमिशन कंपनी में इंसेंटिव पॉलिसी लागू किये जाने, फीडर कैडर से संबंधित ऊर्जा विभाग की 9 जून 2011 की कंडिका क्रमांक-2 को निरस्त किये जाने, ट्रांसमिशन कंपनी में चतुर्थ श्रेणी परीक्षण परिचारक/लाइन परिचारक को तृतीय श्रेणी परीक्षण सहायक/लाइन सहायक किये जाने, जनरेटिंग कंपनी के कार्यपालन अभियंता के चालू प्रभार में हो रही अनियमितताओं को बंद किये जाने, ट्रांसमिशन कंपनी में टीबीसीबी के माध्यम से हो रहे निजीकरण को बंद किये जाने एवं प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 को वापस लिये जाने, विद्युत कंपनियों में कंसल्टेंट/ एक्सपर्ट की भर्तियां बंद किये जाने, कैशलेस बीमा योजना में बड़े अस्पतालों को भी जोड़े जाने, विद्युत वितरण कम्पनियों में अधिकारीयों/ कर्मचारियों को छोटे-छोटे कारणों से अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करना जैसे वेतन वृद्धि रोकना, शोकाज देना, इत्यादि को बंद किये जाने तथा वितरण कम्पनियों में प्रत्येक अवकाश दिवस पर कार्य कराने की प्रथा बंद किये जाने इत्यादि मांगो को रखा गया, तथा ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया गया कि उक्त मांगो का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण किया जाये।

## बुजुर्ग माता पिता गिरिराज के समान है उनकी पूजा और सेवा ही ईश्वर की सर्वोच्च सेवा

**देवास।** मनुष्य की क्रिया होती है परमात्मा की लीला होती है। क्रिया में सुख दु:ख होता है लीला में आनंद है।प्रभु की लीला के श्रवण में परमानंद के दर्शन होते है ।विषयानंद प्रारंभ में अच्छा लगता है बाद में बुरा लगने लगता है, परमानंद आरंभ से अंत तक आनंद से भर देता है ।भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज में इंद्र की पूजा बंद कर गिरिराज की पूजा प्रारंभ कर संसार को संदेश दिया कि प्रत्येक घर बुजुर्ग माता पिता ही गिरिराज का स्वरूप है किसी देवता को पूजने के बजाय बुजुर्गों की सेवा करो उनकी सेवा पूजा ही ईश्वर की सर्वोच्च भक्ति है । यह आध्यात्मिक जीवन सूत्र एवं विचार चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर कैलादेवी परिसर में हो रही श्रीमद भागवत के षष्ठम दिवस पर वृंदावन के आध्यात्मिक संत महामंडलेश्वर भास्करानंद जी ने कथा प्रसंग में श्री कृष्ण की लीला का सुंदर वर्णन करते हुए व्यक्त किए । आपने कहा कि श्री कृष्ण को बासुंरी प्रिय थी तीन गुणों के कारण एक बांसुरी में गांठ नहीं होती है जिसमें गांठ होती है उसमें रस अर्थात प्रेम नहीं होता है, दूसरा बासुंरी बिना बजाए नहीं बजती है वो मोन रहती है तीसरा बसुरी मधुर अर्थात मीठा बोलती ही । दुनिया को आपके तन और धन से मतलब है केवल एक ठाकुर जी है जिसे आपके मन और भावों की आवश्यकता है। रास ककोई स्त्री पुरुष के प्रेम विषय नहीं है भगवान और भक्ति के प्रेम रस का नाम है रास । परमात्मा भी मनुष्य रूप अवतार में आते है तो उन्हें भी शिक्षा ग्रहण करने गुरु के पास जाना पड़ा इसीलिए जीवन में गुरु बिना उद्धार नहीं है। रुक्मिणी एवं कृष्ण विवाह के सुंदर चित्रण कर विवाह संस्कार का वर्णन किया । व्यास पीठ की पूजा कथा आयोजक मन्नूलाल गर्ग, दीपक ,अनामिका, सविता, सविता ,कविता इंदौर विनोद महाजन ज्योति महाजन खरगोन, जयेश प्राची ने की। कथा में बहुत सुंदर रूखमणि कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की कृष्ण का रूप मन्नूलाल लाल गर्ग के पौत्र हितेश गर्ग ने धारण किया तथा रुक्मणि का स्वरूप होने वाली पौत्र वधु राधिका ने धारण किया । नए जोड़े को इस रूप में देख कर परिवार एवं श्रोतागण भाव विभोर हो गए। नृत्य करते हुए बारात निकली गई। रुक्मिणी कृष्ण विवाह का मंगलाचरण पंडित गोलू मिश्रा ने किया ।

## बीमा रोड एवं गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक होगा सी.सी रोड निर्माण

**देवास।** महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शहर में होने वाले विकास कार्यो में उज्जैन रोड बीमा चौराहा से मेंढकी रोड को जोडने वाली एमआरकृ8 सी.सी. रोड राशि 11 करोड के विकास कार्य में 7.50 मीटर की डिवाईडर के दोनो ओर सी.सी. सडक चौडीकरण के साथ डिवाईडर निर्माण, पाथ वे, नाला निर्माण, कुछ स्थानों पर स्ट्रीट लाईट के साथ सौंदर्यिकरण के कार्य, गजरा गियर्स चौराहा से बीएनपी गेट तक एक लेन सी.सी. रोड राशि 5 करोड के विकास कार्यो में नाला निर्माण, पुलिया निर्माण, डिवाईडर के साथ स्ट्रीट लाईट पौधा रोपण सौंदर्यिकरण के विकास कार्य को पूर्ण किये जाने के प्रस्ताव मे राशि रूपये 16 करोड की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने अवगत कराया। विधायक श्रीमंत पवार की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्य के लिए दिये गये प्रस्ताव की राशि रूपये 16 करोड की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।

## जन सूचना केंद्रों का शुभारंभ

**कांटाफोड़।** देवास कन्नौद विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कांटाफोड़ सेक्टर में जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम भायली ग्राम सिंगोड़ी ग्राम बेडगांव ग्राम इकलेरा नगर विकास समिति कांटाफोड़ सेक्टर में जन सूचना केदो का शुभारंभ किया इस दौरान समिति के पदाधिकारी गुरु प्रसाद पतै मिश्रीलाल पते सेक्टर अध्यक्ष लछीराम उईकै निमलाय जगदीश प्रसाद परसाई पवन पटेल राजेश जोनवाल राहुल दीक्षित हरिश तिवारी पुरुषोत्तम चोबै राजेश उईकै बैडगाव सहित सेक्टर कांटाफोड के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी व नवांकुर संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### एक नजर में

**25 से 31 मार्च तक ग्राम मेंढकी धाकड में लगाया जाएगा शिविर**

## विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**देवास।** स्व.तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालयीन इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर दिनांक 25.03.2026 से 31.03.2026 तक ग्राम मेंढकी धाकड में लगाया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वति की पुजा के साथ माँ के चित्र पर अतिथियो द्वारा दीप प्रज्लवित कर माल्यापर्ण किया गया। सरस्वति वंदना महाविद्यालय की छात्राए वैष्णवी शर्मा एवं दीपीका तंवर द्वारा प्रस्तुत की गई। शिविर में मुख्य अतिथि जगदीश नागर (उन्नत कृषक माँ नर्मदा कृषि फार्म) मेढकी धाकड रहे। मंच पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या एवं विशेष अतिथि के रूप मे डॉ. ममता शाक्य डॉ. ममता पथराडे, डॉ. प्रेमलता चौहान, प्रो. गिरीश शिव उपस्थित रहें।स्वयं सेवको द्वारा मंचासिन अतिथियों का स्वागत एनएसएस बेज लगाकर किया गया। रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप सिंह नागर द्वारा सात दिवसीय शिविर का रूप रेखा प्रस्तुत की गई, तत्पश्चात डॉ. ममता शाक्य ने अपने उदबोधन में छात्र-छात्राओ को शिविर मे सक्रिय रूप से सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ममता पथराडे ने स्वयं सेवको के स्वच्छता अभियान के माध्यम से शिविर को स्वच्छ बनाने के लिए उत्साहित किया। डॉ. प्रेमलता चोहान द्वारा छात्र-छात्राओ को जीवन में समाज सेवा का महत्व को समझाया गया। डॉ. गिरीश शिव ने अपने उदबोधन में शिक्षा के साथ सामजिक दायित्व पर चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या ने स्वयं




सेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से चरित्र निर्माण तथा सामाजिक कुरितियो के उन्मुलन में युवा शक्ति के प्रयास तथा दायित्वो के संदर्भ में संबोधित किया। कार्यक्रम के शुभांरभ के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. मेघा माण्डलिक, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. दिव्या पाटीदार, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. पुर्णिमा करील, डॉ. अंकाक्षा शर्मा, प्रो. वंदना देशमुख, प्रो. प्रियंका सोलंकी, प्रो. पुजा वर्मा, प्रो. रिशी चोपडा, प्रो. उषा गोड, प्रो. गणेश कुशवाह, द्वारा छात्र-छात्राओ का संबोधित किया गया।